दिन– बुधवार दिनांक– 15 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी आज राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। वे राज्य के चौबीसवें मुख्यमंत्री होंगे।

02. जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी उपमुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ।

03. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा – महिला आरक्षण विधेयक संतुलित और हर राज्य, समुदाय तथा क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

04. और, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, डीआरडीओ आज से मोतिहारी में रक्षा उपकरणों की भव्य मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी आज राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। वे राज्य के चौबीसवें मुख्यमंत्री होंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन लोकभवन में आयोजित समारोह में श्री चौधरी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह सुबह दस बजकर पचास मिनट से शुरू होगा। श्री चौधरी राज्य में शीर्ष पद ग्रहण करने वाले भाजपा के पहले नेता होंगे। वहीं, उपमुख्यमंत्री के पद पर जदयू के वरिष्ठ नेता और सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र से विधायक विजय कुमार चौधरी तथा सुपौल के विधायक बिजेन्द्र प्रसाद यादव शपथ ग्रहण करेंगे। मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रियों की सूची बाद में जारी की जायेगी। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता जे.पी. नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

तारापुर के विधायक भाजपा नेता सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री बनने वाले राज्य के दूसरे नेता होंगे। इससे पहले भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर उपमुख्यमंत्री से राज्य के सर्वोच्च पद पर पहुंचे थे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

श्री चौधरी का राजनीतिक कैरियर वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में राष्ट्रीय जनता दल से शुरू हुआ था। बाद में वर्ष दो हजार चौदह में वे जदयू में शामिल हुए। वर्ष दो हजार अठारह में श्री चौधरी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। पार्टी ने उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें वर्ष, दो हजार उन्नीस में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया। वर्ष दो हजार बीस में वे विधान परिषद के सदस्य बने। मार्च, दो हजार तेईस से जुलाई दो हजार चौबीस तक सम्राट चौधरी ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। राजनीतिक परिवार में जन्मे सम्राट चौधरी की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में रही है, जो अपने आक्रामक तेवर और सीधे संवाद के लिए जाने जाते हैं। समाचार कक्ष से अनुपम कुमार।

सम्राट चौधरी ने नई जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाने की अपनी वचनबद्धता जताई। संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि बिहार के लोगों की सेवा करने और उनके विश्वास तथा सपनों को साकार करने का यह एक अवसर है।

---साउंड बाईट---

------------------------------------

इससे पहले कल सर्वसम्मति से एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने लोकभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पूर्व, भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पार्टी विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी विधायक दल के नेता चुने गए।

बदलते घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल लोकभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा और मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश की। राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन होने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने का निर्देश दिया है।

------------------------------------

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्री चौधरी प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण और नीतीश कुमार के पदचिन्हों पर चलकर बिहार को प्रगति पथ पर और आगे ले जायेंगे।

---साउंड बाईट---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सम्राट चौधरी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले भी एनडीए की सरकार थी और अब भी एनडीए की सरकार रहेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भ सम्राट चौधरी को बिहार एनडीए विधानमंडल दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। श्रीमती गुप्ता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार में जारी विकास की यात्रा लगातार नई ऊंचाइयों तक पहुँचेगी। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर सम्राट चौधरी को बधाई देते हुये लिखा है कि उनके नेतृत्व में बिहार तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा।

------------------------------------

संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए कल से तीन दिन का विशेष सत्र शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक हर राज्य, समुदाय और क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

---साउंड बाईट---

इस अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ सोलह हो जाएगी। इसमें दो सौ तिहत्तर सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान दो हजार तेईस में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था। इस बीच भाजपा ने पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संसद के इस विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

———————————————————————

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन—डी.आर.डी.ओ आज से अठारह अप्रैल तक मोतीहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। इसमें डी.आर.डी.ओ की अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत प्रणाली का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस दौरान सतह से वायु में भेदने वाली मिसाइल आकाश, ब्रह्मोस, पृथ्वी, कावेरी इंजन का रैपिड प्रोटोटाइप मॉडल, बैलिस्टिक हेलमेट और कई अन्य रक्षा उत्पादों के मॉडल और उत्पादों का प्रदर्शन होगा।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में अंठानवे प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों के लिए तेईस मार्च से अब तक चौदह लाख रुपये से अधिक मूल्य के पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री की गई है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में एलपीजी के बैकलॉग को दूर करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में प्रतिदिन चौरासी हजार सिलेंडर का बैकलॉग बना हुआ है। मुख्य सचिव ने सभी प्रभारी सचिवों और जिलाधिकारियों को अपने—अपने जिलों के नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पांच किलो एफटीएल गैस सिलेंडर के वितरण की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इधर, रसोई गैस

सिलेंडर की आपूर्ति में अनियमितता और कालाबाजारी पर सख्त नियंत्रण रखने के लिए राज्यभर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक एक हजार आठ सौ चौदह सिलेंडर जब्त किए गए हैं। वहीं, एक सौ अड़तीस प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

————————————————————————

प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, गयाजी का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव दो, अरवल का अड़तीस और पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों में कई भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी की सम्भावना है। विभाग के अनुसार सत्रह और अठारह अप्रैल को उत्तर–पूर्व बिहार के अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

————————————————————————

दरभंगा समेत मिथिला क्षेत्र में आज प्रसिद्ध पर्व जूड़शीतल पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट....

———साउंड बाईट———

प्रकृति प्रेम को समर्पित मिथिला का विशेष पर्व जूड़शीतल की धूम है। सूर्योदय से पूर्व घर की बड़ी महिलाओं ने परिवार के सदस्यों के माथे पर जल सिंचित कर जुड़ैल रहू का आशीर्वाद दिया। इसके बाद लोग सुबह से ही अपने बगानों में वृक्षों में जल सिंचित कर रहे हैं। एक दूसरे को गीली मिट्टी लगाकर प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। आज के दिन बासी भोजन खाने की परंपरा के कारण इस पर्व को बासि पाबनि के नाम से भी जाना जाता है। कई स्थानों पर कुश्ती, पतंगबाजी, शिकार आदि का भी आयोजन किया जा रहा है। दरभंगा जिले के शुभंकरपुर,लालबाग आदि मुहल्लों मे जूड़शीतल महोत्सव के तहत कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में गौरी शंकर की झांकी भी निकाली जा रही है।

आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

————————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज और पलासी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक फोटो स्टेट और एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में फर्जी आधार और पैन कार्ड समेत अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में नई सरकार से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – सम्राट बिहार के नये सरताज। सम्राट के सीएम बनने की घोषणा पर झूमा लखनपुर।

दैनिक जागरण लिखता है – नीतीश ने सम्राट को सौंपा बिहार। सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद राज्यपाल ने सम्राट चौधरी को शपथ ग्रहण का दिया आमंत्रण।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – बिहार के हज यात्रियों का पहला जत्था अठारह अप्रैल को कोलकाता, दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से रवाना होगा।

प्रभात खबर ने लिखा है– पश्चिम एशिया संकट पर ट्रंप ने पीएम मोदी से की चालीस मिनट बात।

राष्ट्रीय सागर और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने राज्य में हड़ताल पर गये राजस्व और भूमि सुधार विभाग के इकतालीस अंचलाधिकारियों के निलंबन की खबर को प्रमुखता दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी आज राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। वे राज्य के चौबीसवें मुख्यमंत्री होंगे।

02. जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी उपमुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ।

03. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा – महिला आरक्षण विधेयक संतुलित और हर राज्य, समुदाय तथा क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

04. और, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, डीआरडीओ आज से मोतिहारी में रक्षा उपकरणों की भव्य मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।